**मनमानी** ▶ प्रबंधन के नोटिस के बावजूद किया जा रहा निर्माण कार्य

# बांधवगढ़ में बन रहा अवैध ग्रीन हैरिटेज रिसॉर्ट



**नवभारत, चिल्हारी, उमरिया।** जिले में स्थित बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व वैसे तो पूरे विश्व भर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता ही है, इसके साथ ही बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व में अब ऐसे लोगों की कुदृष्टि भी पड़ गई है, जो बांधवगढ़ के इको सिस्टम के लिए चुनौती भी बनते जा रहे हैं। बांधवगढ़ में बढ़ती बाघों की संख्या वैसे भी प्रबंधन के लिए चुनौती बनी हुई है।

आज आलम यह है कि बाघ गांवों की ओर रुख कर रहे हैं कई बाघ अब उमरिया जिले के सामान्य वन मंडल में डेरा डाल रहे हैं, वहीं अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलन्द हैं कि बांधवगढ़ प्रबंधन के आदेश को हवा में उड़ा रहे हैं। एक ऐसा ही अवैध अतिक्रमण इन दिनों बांधवगढ़ में बड़ी सुर्खियों में है। जिस मामले में बीटीआर के द्वारा 2 बार नोटिस जारी की जा चुकी है लेकिन मामले फाइल पर राजस्व न्यायालय में धूल खा रही है।

आप सोच रहे होंगे कि बिना सक्षम अनुमति के इतना बड़ा अवैध निर्माण बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व के ईको सेंसटिव जोन में कैसे जारी है। दरअसल इस तरह के अवैध निर्माणों के पीछे असल वजह है राजस्व और वन विकास के बीच सामंजस्य की कमी। इस मामले में जब हमने बीटीआर के सक्षम अधिकारियों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में जारी गजट नोटिफिकेशन में बांधवगढ़ क्षेत्र अंतर्गत जिन गांवों को शामिल किया गया है, उनमें से कई गाँव राजस्व क्षेत्र में आते हैं ऐसे में जब हम कोई नोटिस ऐसे अवैध निर्माण को लेकर जारी करते हैं तो इसकी जानकारी हम राजस्व विभाग को भी भेजते है, ऐसे तमाम अवैध निर्माणों पर राजस्व विभाग ही कार्यवाही कर सकता है।

ग्रीन हैरिटेज रिसोर्ट के मामले में जब वन परिक्षेत्र अधिकारी मानपुर बफर मुकेश अहिरवार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त रिसार्ट के निर्माण को लेकर अनूपपुर जिले के जैतहरी स्थित आरआर ब्रदर्स रियल स्टेट एन्ड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर को 2 बार नोटिस दिया जा चुका है लेकिन अभी तक उन्होंने कोई से सक्षम संस्थान की अनुमति कार्यालय को उपलब्ध नही करवाई है।

### तो क्या नहीं है विभागीय सामंजस्य

जंगल में हो रहे अवैध निर्माणों को रोकने वन और राजस्व के बीच सामंजस्य नहीं बना तो आने वाले समय में कॉन्फ्लिक्ट बढ़ते ही चले जाएंगे। इस मामले में जब आर आर ब्रदर्स रियल स्टेट एन्ड प्राइवेट लिमिटेड का पक्ष जानने के लिए बीटीआर द्वारा जारी नोटिस में दिए गए मोबाइल नम्बर पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो संपर्क स्थापित नहीं हो पाया।

### क्या है पूरा मामला

दरअसल पूरा मामला बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व के मानपुर बफर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरवार हल्का पतौर का है। जहां ग्रीन हैरिटेज रिसोर्ट का निर्माण जहाँ बीते वर्ष से आर आर ब्रदर्स रियल स्टेट एन्ड प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किया जा रहा है। यह निर्माण बांधवगढ़ प्रबंधन के अनुसार ईको सेंसिटिव जोन में हो रहा है। इस निर्माण को रोकने के लिए प्रबंधन के द्वारा 2-2 बार नोटिस जारी कर बिना सक्षम संस्थाओं की अनुमति के बिना वृहद स्तर पर संवेदनशील क्षेत्र में हो रहे कंस्ट्रक्शन कार्य को रोकने के निर्देश दिए जा चुके है, लेकिन अभी तक निर्माण रोकने के बजाय बड़ी जोर शोरो से किया जा रहा है। खबर यह भी है कि उक्त फर्म के द्वारा राजस्व क्षेत्र के अलावा फॉरेस्ट क्षेत्र की जमीन पर भी कब्जा कर लिया गया है।

### बांधवगढ़ प्रबंधन ने क्यों माना अवैध निर्माण

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व ने आर आर ब्रदर्स रियल स्टेट एन्ड प्राइवेट लिमिटेड को जारी नोटिस में उल्लेख किया है कि ग्राम नरवार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 13 दिसंबर 2016 को अधिसूचित गजट नोटिफिकेशन में यह गांव ईको सेंसिटिव जोन की सूची में क्रमांक 100 पर प्रदर्शित है। ऐसे में नोटिफिकेशन में साफ तौर पर उल्लेख है कि ऐसे गांव या क्षेत्र जो इको सेंसिटिव जोन की सूची में शामिल हैं वहां पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलाप से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के लिए वास सुविधा के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर तक या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक इनमें जो भी निकट है नये वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट के लिए परमिशन नही दिया जा सकता है। जबकि प्रधान वन संरक्षक भोपाल के द्वारा वर्ष 2017 में साफतौर पर आदेश जारी किए गए थे कि होटल ओर विश्राम स्थलों का वाणिज्यिक स्थापना एवं सन्निर्माण क्रियाकलाप, विनियमित क्रियाकलापों के अन्तर्गत आता है।

**इनका कहना है**

तत्कालीन एसडीओ फॉरेस्ट द्वारा मुझे उक्त मामले में अवगत करवाया था। उस दौरान हमने भी एक नोटिस किया था। मुझे नोटिस की तारीख तो अभी याद नही है, लेकिन हमने नायाब तहसीलदार को निर्देशित किया था कि राजस्व क्षेत्र में मौजूद ईको सेंसटिव जोन में साफ तौर पर कड़ी नजर रखी जाए। मैं ग्रीन हैरिटेज मामले में नायाब तहसीलदार और पटवारी को मौके पर भेजकर वस्तुस्थिति का जायजा लेती हूं। अगर निर्माण जारी है या किया जा चुका है तो कार्यालय से दोबारा पत्र जारी किया जाएगा।

**हरनीत कौर कलसी**
**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व**

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में भेदभाव के आरोप

▶ **छोटे व्यापारियों में आक्रोश, अस्पताल परिसर के एक हिस्से में कार्रवाई, बाकी क्षेत्रों की अनदेखी**



**शहपुरा नवभारत 15 अप्रैल।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा परिसर के बाहर चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान पर अब सवाल उठने लगे हैं। तहसील राजस्व, नगर परिषद और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद प्रभावित छोटे व्यापारियों ने प्रशासन पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

अस्पताल प्रांगण के बाहर तहसील रोड पर स्थित टपरी और गुमटी हटाने की कार्रवाई से नाराज व्यापारियों ने कहा कि प्रशासन ने केवल छोटे और रोजमर्रा का व्यवसाय करने वालों को ही निशाना बनाया है, जबकि अन्य स्थानों पर वर्षों से जमे अतिक्रमण को नजरअंदाज किया जा रहा है।

**प्रशासन कुछ लोगों पर मेहरबान**–व्यापारी दिनेश साहू सहित अन्य लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पताल की बाउंड्री के बाहर छोटे व्यापारियों की टपरी-गुमटियां हटाई गईं, लेकिन अस्पताल परिसर के रेस्ट हाउस रोड सहित अन्य हिस्सों में लंबे समय से अतिक्रमण करने वाले लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन उन लोगों पर मेहरबान है और उनके खिलाफ जानबूझकर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**मांग और नाराजगी**–व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल परिसर के चारों ओर फैले सभी अवैध अतिक्रमणों को हटाया जाए और कार्रवाई में पारदर्शिता व निष्पक्षता बरती जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसी तरह भेदभावपूर्ण कार्रवाई जारी रही, तो वे विरोध करने को मजबूर होंगे। फिलहाल शहपुरा में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या रुख अपनाता है।

## शहपुरा में हेल्प डेस्क की शुरुआत से आम लोगों को मिलेगा त्वरित मार्गदर्शन



**शहपुरा, डिण्डौरी, नवभारत 15 अप्रैल।** विगत दिवस अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ऐश्वर्य वर्मा द्वारा आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तहसील एवं एसडीएम कार्यालय परिसर में हेल्प डेस्क की शुरुआत की गई है। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से आवेदक अपने आवेदन आसानी से दर्ज करा सकेंगे। साथ ही न्यायालय से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के लिए उन्हें उचित मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें इधर-उधर भटकना न पड़े और उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो सके।

**पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होगी : वर्मा**–ऐश्वर्य वर्मा ने बताया कि हेल्प डेस्क के माध्यम से अनैतिक गतिविधियों से संबंधित शिकायतें भी सीधे एसडीएम एवं तहसीलदार को दिए गए नंबर पर कॉल या मैसेज के जरिए दर्ज कराई जा सकेंगी, जिससे पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इस नवाचार की क्षेत्र के कृषकों, आवेदकों, अधिवक्ताओं तथा अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा सराहना की जा रही है। हेल्प डेस्क के शुभारंभ अवसर पर तहसीलदार आरपी मार्को, नायब तहसीलदार बीएस धुर्वे सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



# लोकल यूथ सर्वेयरों की हुंकार : नियुक्ति, मानदेय और सुरक्षा को लेकर पीएम के नाम ज्ञापन

**शहपुरा, नवभारत।** शहपुरा तहसील अंतर्गत लोकल यूथ सर्वेयरों ने सामूहिक रूप से तहसील कार्यालय शहपुरा पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2024 के चुनाव के दौरान लोकल यूथ सर्वेयरों ने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया था। चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने के बावजूद आज तक उन्हें न तो स्थायी नियुक्ति प्रदान की गई है और न ही किसी प्रकार का मानदेय दिया गया है। सर्वेयरों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि लंबे समय से कार्य करने के बावजूद उन्हें रोजगार की स्थिरता और आर्थिक सुरक्षा नहीं मिल पा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपते हुए सर्वेयरों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोकल यूथ सर्वेयर मौजूद रहे, जिन्होंने एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# जिस गाड़ी से विभाग काट रहा था चालान, वही उड़ा रहा नियमों की धज्जियां

▶ **सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल**



**नवभारत, उमरिया।** वाहनों की चैकिंग के दौरान सोशल मीडिया वर एक वीडियों वायरल हुआ है जिसकी चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है जिसमें एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक गाड़ी पर आरटीओ स्टाफ लोगों का चालान काटता दिखाई दे रहा है।

इस वीडियो की विशेषता ये है कि जिस गाड़ी में बैठकर आरटीओ स्टाफ आया और सड़क पर खड़ी कर लोगों के कागज चैक कर चालान काट रहा है वही वाहन ट्रैफिक नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहा है। जो युवक वीडियो बना रहा है वो बिना डरे एक नागरिक को मिले अधिकारों के तहत कह रहा है पहले आप अपनी गाड़ी का चालान काटिए फिर मेरी गाड़ी का चालान काटिए

### प्राइवेट गाड़ी से आरटीओ स्टाफ काट रहा था चालान

वायरल वीडियो में युवक आरटीओ स्टाफ से कह रहा है आपकी गाड़ी में पीछे नंबर प्लेट नहीं है, इसका टैक्सी परमिट भी नहीं है पहले इसका चालान काटिए फिर मेरी पिकअप गाड़ी का चालान बनाइये, मेरी आरटीओ मैडम से बात कराइए, युवक की बात भी सही है गाड़ी पर जो नंबर प्लेट लगी है उस पर प्राइवेट नम्बर है और नियमानुसार नंबर प्लेट भी हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं है इस पूरे मामले ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि जब नियमों का पालन कराने वाली संस्था के भीतर ही नियमों की अनदेखी हो रही हो, तो आम जनता के साथ सख्ती क्यों? शहर के लोगों का कहना है कि आरटीओ विभाग द्वारा छोटे-छोटे नियमों के उल्लंघन पर चालान काटे जाते हैं, लेकिन यदि विभाग के भीतर ही ऐसे उदाहरण सामने आएंगे, तो फिर आम जनता का क्या होगा। स्थानीय नागरिकों में इस बात को लेकर खासा आक्रोश देखा जा रहा है। जब इस मामले में मीडिया ने आरटीओ रमा दुबे से बात की तो वे सीधे तौर पर अपने स्टाफ का बचाव करती दिखाई दी।

### लोगों को अब प्रशासन के एक्शन का इन्तजार

सोशल मीडिया पर वीडियो के वायरल होते ही लोगों की प्रतिक्रियाएं भी तेजी से सामने आ रही हैं। कुछ लोग इसे सिस्टम की लापरवाही बता रहे हैं, तो कुछ इसे सुधार का मौका मान रहे हैं। हालांकि, अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम दूरदर्शी कदम

▶ **दिलीप पाण्डेय ने मोदी सरकार को दिया धन्यवाद**



**नवभारत उमरिया 15 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने नवभारत से रूबरू होते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश की महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताया है।

उन्होंने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी सरकार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अधिनियम न केवल महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाएगा, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

**मुख्यधारा में लाने का एक सशक्त प्रयास**–श्री पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, लेकिन लंबे समय तक उन्हें राजनीतिक प्रतिनिधित्व में अपेक्षित स्थान नहीं मिल पाया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से अब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा में लाने का एक सशक्त प्रयास किया गया है। यह कदम आने वाले समय में देश की राजनीति की दिशा और दशा दोनों को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।







# कंपाउंडर भगवान दास कर रहा अवैध क्लीनिक का संचालन

▶ **ग्रामीणों की जान से खिलवाड़, जिम्मेदार मेहरबान, अमरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम सक्का का मामला**



**अमरपुर नवभारत 15 अप्रैल।** अमरपुर विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में अगर देखा जाए तो डिंडोरी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार पदाधिकारी स्टेट गवर्नमेंट द्वारा जारी किए गए आदेश के पालन में गंभीरता नही दिखा रहे हैं। यह भी कहा जा सकता है कि गंभीरता पूर्वक जमीनी स्तर पर आदेश का पालन करना जरूरी नहीं समझते।

जारी किए गए आदेश पर अगर गंभीरता पूर्वक अमल किया जाता तो आज डिंडोरी जिले में खुलेआम ग्रामीण मरीजों की जान से खिलवाड़ नहीं हो रहा होता। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि 15 जुलाई 2024 को संचालनालय लोक स्वास्थ्य एंव चिकित्सा शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा समस्त मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी मध्यप्रदेश को जारी किए गए थे कि जिले में बिना निर्धारित दस्तावेजों के झोलाछाप बंगाली अप्रशिक्षित व्यक्ति अगर अवैध दवाखाना संचालित करते हुए पाया जाता है तो ऐसे व्यक्ति के ऊपर नियमानुसार विधिवत कार्यवाही कर दंडित किया जाए।

### कार्यवाही के नाम पर औपचारिकता पूरी की जा रही

डिंडोरी जिले में संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मध्य प्रदेश द्वारा जारी किए गए निर्देश का पालन नहीं हो रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप ग्रामीणों की जान को इलाज के नाम पर संकट में डाला जा रहा है। ऐसे लोगों के ऊपर विधिवत कार्यवाही करने में विभागीय पदाधिकारी प्रशासनिक जांच टीम कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठा रही। परिणाम स्वरुप कार्रवाई के नाम पर महज औपचारिकता निभाई जा रही है।

### कंपाउंडर चला रहा अवैध क्लीनिक

जानकारी के मुताबिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किसलपुरी मैं पदस्थ कंपाउंडर भगवानदास जो की वैक्सीनेशन सहित ऑक्सीजन टेंपरेचर मापने के लिए नियुक्त किया गया है, जिसके द्वारा सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को ग्राम सक्का में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में बिना विभागीय अनुमति के ड्यूटी टाइम दौरान अवैध रूप से प्रैक्टिस की जा रही है।

### अवैध क्लिनिकों में अंग्रेजी दवाओं का भंडार

भगवान दास द्वारा अवैध क्लिनिक के अंदर भारी मात्रा में अंग्रेजी दवाओं का भंडार रखने के साथ ही मरीज को लगाई जाने वाली ग्लूकोस सहित अन्य बोतल भी उपलब्ध है। कंपाउंडर भगवान दास द्वारा ग्रामीण मरीजों की जान से खुलेआम खिलवाड़ करते हुए उन्हें अंग्रेजी दवाइयां दी जा रही है, जिससे ग्रामीण मरीजों की जान को खतरा होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

### प्रतिष्ठित डॉक्टर के नाम को कंपाउंडर कर रहा बदनाम

कंपाउंडर भगवान दास से जब अवैध रूप से की जा रही ग्राम सक्का में प्रैक्टिस और ग्रामीणों की जान से हो रहे खिलवाड़ पर सवाल किया गया तो कंपाउंडर भगवान दास द्वारा कहा गया कि सर से बात कर लें। नवभारत टीम के द्वारा कंपाउंडर भगवान दास से पूछा गया कि कौन सर तब उसने बताया कि रणमत परस्ते से बात कर लीजिए। डॉ रणमत परस्ते राई में एमओ के पद पर पदस्थ है, मैं तो कंपाउंडर हूं। मैं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किसलपुरी में गवर्नमेंट में हूं। यह क्लीनिक मेरी नहीं है, रणमत परस्ते सर की है।

### प्रैक्टिस करने से संबंधित कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं

भगवानदास द्वारा बतलाया गया कि उसके पास प्रैक्टिस करने से संबंधित कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं है, जो भी अथॉरिटी है वह रणमत परस्ते से आप बात कर लीजिए, आपको मिल जाएगी। मैं यहां पर केवल देख-रेख करता हूं, जबकि नवभारत टीम द्वारा स्पष्ट रूप से देखा गया कि भगवानदास अवैध तरीके से क्लीनिक संचालित कर प्रैक्टिस कर रहा है।

**इनका कहना है**

पेट दर्द करता है और बुखार भी आता है, इसलिए बोतल चढ़ाए है। कौनसी बोतल थी इसकी मुझे जानकारी नहीं है।

**बाली बाई, ग्राम कंजरा पंचायत उमरिया निवासी**

मेरे द्वारा कोई भी क्लीनिक सक्का में संचालित नहीं की जा रही है। आप चाहें तो आसपास के लोगों से पूछ सकते हैं। मैं कोरोना काल के पहले वहां बैठता था। कोई अगर मेरे नाम का गलत उपयोग कर रहा है तो ये ठीक नहीं है।

**डॉ. रणमत परस्त, एमओ**

# 10वीं में मालती व 12वीं में ध्रुव कुमार ने राज्य मेरिट लिस्ट में बनाई जगह

▶ **डिंडौरी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, जिले में दसवीं में 4756 छात्र प्रथम श्रेणी, 2164 द्वितीय श्रेणी एवं 23 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए**



**डिंडौरी, नवभारत 15 अप्रैल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणामों में जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कक्षा 10वीं की परीक्षा 78 केन्द्रों पर आयोजित हुई, जिसमें 8383 नियमित एवं 1279 स्वाध्यायी छात्र शामिल हुए। इनमें 4756 छात्र प्रथम श्रेणी, 2164 द्वितीय श्रेणी एवं 23 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि 1342 विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में शामिल होंगे।

**कक्षा 12वीं में 3769 छात्रों ने हासिल की प्रथम श्रेणी**–कक्षा 12वीं की परीक्षा 65 केन्द्रों पर आयोजित हुई, जिसमें 6099 नियमित एवं 1257 स्वाध्यायी छात्र सम्मिलित हुए। परिणाम में 3769 छात्र प्रथम श्रेणी, 1526 द्वितीय श्रेणी एवं 3 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि 800 विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में शामिल होंगे।

**10वीं में जिले का परीक्षा परिणाम 83.8 व 12वीं में 86.87 प्रतिशत रहा**–घोषित परिणामों के अनुसार कक्षा 10वीं में जिले का परीक्षा परिणाम 83.8 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं में 86.87 प्रतिशत रहा। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर डिंडौरी जिले ने राज्य स्तर पर कक्षा 10 वीं में 9 वां एवं कक्षा 12वीं में 8वां स्थान प्राप्त किया है, जो जिले के लिए गौरव का विषय है।

**मालती ने हासिल किए 98 प्रतिशत अंक**–राज्य मेरिट सूची में भी जिले के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कक्षा 10वीं में मालती पाराशर ने 500 में 490 अंक (98 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रदेश में 10वां स्थान अर्जित किया। वहीं कक्षा 12वीं में ध्रुव कुमार साहू ने 500 में 485 अंक (97 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रदेश में 8वां स्थान हासिल करते हुए जिले का नाम रोशन किया।

**जिला मेरिट लिस्ट में भी रहा शानदार प्रदर्शन**–जिला मेरिट सूची में भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कक्षा 10वीं में भुवनेश्वरी ठाकुर शासकीय संदिपनी हाई स्कूल, खुड़िया, रघुनंदन ठाकुर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, समनापुर एवं ऊर्जा अग्रवाल नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव ने स्थान बनाया। कक्षा 12वीं में रूपेश यादव, शिवाली साहू, तनुश्री साहू, सरस्वती पारासर, झिलमिल मरावी, ललित मशराम, सैयद मंतशा कौसर, अमलेशवरी धुर्वे एवं कौशल्या राजपूत जिला मेरिट सूची में शामिल रहे।

**कलेक्टर ने मेधावी विद्यार्थियों किया सम्मानित**–इस अवसर पर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने मेधावी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं विद्यालय प्राचार्यों को कलेक्टर निवास पर आमंत्रित कर सम्मानित किया। उन्हें पुष्पगुच्छ एवं मिठाई भेंट कर बधाई दी गई तथा प्रत्येक विद्यार्थी को 10-10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने पूर्व में विद्यालय भ्रमण के दौरान घोषणा की थी कि राज्य एवं जिला स्तर पर प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जिसे उन्होंने अब पूरा किया।

**इस वर्ष परीक्षा परिणामों में सुधार हुआ : कलेक्टर**–कलेक्टर भदौरिया ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र डिंडौरी के विद्यार्थियों द्वारा प्रदेश स्तर पर टॉप-10 में स्थान प्राप्त करना अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष परीक्षा परिणामों में सुधार हुआ है, जिसमें हाई स्कूल में 1.89 प्रतिशत तथा हायर सेकेंडरी में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया।

**ध्रुव ने सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया**–मेधावी छात्र ध्रुव कुमार साहू ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए कहा कि नियमित अध्ययन और अनुशासन से यह संभव हुआ है। वहीं छात्रा मालती पाराशर ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार और शिक्षकों के सहयोग से उन्हें यह सफलता मिली है और वे आगे भी अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत जारी रखेंगी।

**सांदीपनि मॉडल विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा सौ फीसद**–कक्षा 10वीं एवं 12वीं के घोषित परीक्षा परिणामों में सांदीपनि शा.उ.मा. विद्यालय, डिंडोरी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी अलग पहचान बनाई है। बता दें कि कक्षा 12वीं में विद्यालय का परीक्षा परिणाम सौ फीसद रहा। इसमें विद्यालय के कला संकाय के छात्र दीपक कुमार गौतम ने प्रथम शिवानी परस्ते द्वितीय, गणित संकाय से रुद्र प्रताप झरिया ने 88.60 प्रतिशत, विज्ञान संकाय से भारती पाराशर ने 87 प्रतिशत एवं कृषि संकाय से श्रुति चंदेल ने 86.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता का परिचय दिया। कुल दर्ज 108 विद्यार्थियों में से 94 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी व 14 विद्यार्थी ने द्वितीय श्रेणी में सफलता पास की।

**कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा**–कक्षा 10वीं में भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम 96प्रतिशत रहा, जिसमें विद्यालय की छात्रा गंगा गौतम ने 92.4 प्रतिशत अंक एवं आराधना चंदेल ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर संस्था में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया कक्षा 10वीं में कुल दर्ज 107 विद्यार्थियों में से 77 प्रथम श्रेणी, 23 द्वितीय श्रेणी व 03 तृतीय श्रेणी में विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की।

**इन शिक्षकों की मेहनत का फल मिला**–विद्यार्थियों के द्वारा अर्जित इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य जेएस मरकाम एवं एसएस उद्दे प्रधानाध्यापक ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। इस परीक्षा परिणाम में विद्यालय के शिक्षक रूपा सिंह ठाकुर, मेनका यादव, कंचन बर्मन, सुलोचना परस्ते, नम्रता लोमेश, मुक्ति झरिया, मनीष सोनी, लालाराम कुर्मश, चन्दन सिंह दुर्वाशा, महिताप धुर्वे गोविन्द सिंह धुर्वे, अनिल कुमार श्याम, अश्वनी पन्द्राम, विनय बिलथरे, शिवम पटेल एवं समस्त शिक्षक साथी का मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा।

## उमरिया के आयूष ने हासिल किया प्रथम स्थान



**उमरिया।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी निवासी नवभारत प्रतिनिधि रमकान्त तिवारी के नाती एवं आशीष कुमार तिवारी माता आभा तिवारी के पुत्र आयूष तिवारी ने सज्जन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया में अध्ययन करते हुए कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस सफलता में विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों व स्कूल प्रबंधन का योगदान रहा। स्कूल प्रबंधन ने आयूष तिवारी को शुभकामनाएं दीं।